Bareilly, Sunday,
30 October 2022
BAREILLY EDITION
Price: 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

Happy Chhath Puja

inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

अभिवीर को कानपुर के अद्वित गुप्ता ने दी मात

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (29 Oct): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रही 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला और पुरुष वर्ग के 250 मैच खेले गए. सभी प्रतियोगिताओं में अंडर-17 बालक वर्ग का दूसरा राउंड काफी रोमांचित रहा. उप्र में पहली रैंकिंग के खिलाड़ी अभिवीर नंनदा को कानपुर के अद्वित गुप्ता ने 3-1 से हराया.

हुए रोमांचक मुकाबले

पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश ने गाजियाबाद के फैजल अली को 3-1 से हराया. गाजियाबाद के सार्थक सेठ ने गाजियाबाद के शिवम चंद्रा को 3-0 से, कानव कौशिक ने अर्चित जय को 3-2 और सार्थ मिश्रा ने धैर्य सिंघल को 3-0 से हराया. महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में लखनऊ की गुनगुन साहू ने गाजियाबाद की मीता दीक्षित को 3-1 से हराया. गाजियाबाद की दिशा ने अवनि त्रिपाठी को 3-0, सुहानी महाजन [illegible]हिका दीक्षित को 3-0 और आर[illegible]धरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को 3-1 से मात दी. यूथ बालक वर्ग क्वार्टर फाइनल में गौतम बुद्ध नगर के अक्षत त्यागी ने धैर्य सिंघल को 3-1 से शिकस्त दी.

6